अमर उजाला 07/05/2023

# क्विज में मोनी ने पाया प्रथम स्थान



**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के समाजशास्त्र विभाग की ओर से क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसका विषय समाज, संस्कृति और सामाजिक परिवर्तन था। इस प्रतियोगिता में 25 से अधिक छात्र और छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह प्रतियोगिता विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. रचना खन्ना के मार्गदर्शन में किया। इसमें प्रथम पुरस्कार मोनी, द्वितीय पुरस्कार तुषिता और तृतीय पुरस्कार प्रतीक भाटिया को दिया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। **संवाद**